**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**26 मई 2025, समय 1810**

**समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के 11 वर्ष पूरे किए।**
- **केंद्रीय नीति आयोग ने मध्यम उद्‌यमों के लिए रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में मध्यम उद्‌यमों के सामने आने वाली चुनौतियों को रेखांकित किया गया है।**
- **केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि शैक्षणिक वर्ष में लगभग 15 विदेशी विश्वविद्‌यालय भारत में अपने कैम्पस स्थापित करेंगे।**
- **मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा उपमंडल के गांव बिहोली में 4 करोड़ 67 लाख की लागत से बने राजकीय पशुचिकित्सा पॉलिक्लीनिक का लोकार्पण किया।**
- **भिवानी महेन्द्रगढ़ लोकसभा से सांसद धर्मबीर सिंह ने भिवानी में दो सडक़ों का शिलान्यास किया।**

*********************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने कार्यकाल के ग्यारह वर्ष पूरे कर लिए हैं। आज ही के दिन वर्ष 2014 में श्री मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह देश के आधुनिक राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था क्योंकि इसने भारत में गठबंधन की राजनीति के 30 वर्ष के युग को समाप्त कर दिया था और लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट और निर्णायक जनादेश दिया था।देश की जनता से मिले ऐतिहासिक जनादेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 मई 2014 को भारत के 14 वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी ।

*********************************************************************************

नीति आयोग ने आज नई दिल्ली में मध्यम उद्‌यमों के लिए एक रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट भविष्य में मध्यम उद्‌यमों को विकास इंजन में बदलने के लिए एक व्यापक रोडमैप की भूमिका निभायेगी। रिपोर्ट में मध्यम उद्‌यमों द्‌वारा निभाई गई महत्वपूर्ण और उनकी पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए लक्षित हस्तक्षेपों की रूपरेखा दी गई है।रिपोर्ट में मध्यम उद्‌यमों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों को रेखांकित किया गया है। रिपोर्ट में अनुकूलित वित्तीय उत्पादों तक सीमित पहुँच, उन्नत तकनीकों को सीमित रूप से अपनाना, अपर्याप्त अनुसंधान विकास सहायता, क्षेत्रीय परीक्षण अवसंरचना की कमी और उद्‌यम की ज़रूरतें भी शामिल हैं। ये सीमाएँ उनके पैमाने और नवाचार की क्षमता में बाधा डालती हैं।

*******************************************************************************

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर चक्र विजेता कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट-

*1933 में उत्तरप्रदेश के गाजीपुर में जन्मे कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद दिसम्बर 1954 में 4 ग्रेनेडियर्स में भर्ती हुए थे। 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान, 4 ग्रेनेडियर्स ने खेम करण-भिखीविंड मार्ग पर चीमा गांव के पास एक महत्वपूर्ण स्थान पर कब्जा किया। इस स्थान पर कब्ज़ा करना समग्र रक्षा रणनीति के लिए महत्वपूर्ण था। 8 सितंबर की रात पाकिस्तानी सेना ने ग्रेनेडियर्स के ठिकानों पर कई हमले किए लेकिन इन हमलों में दुश्मन को खदेड़ दिया गया। 10 सितंबर की सुबह भीषण गोलाबारी के साथ-साथ पाकिस्तानी पैटन टैंकों की एक रेजिमेंट ने बड़ा हमला किया। इस हमले से बटालियन के क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा। उसी सुबह 9 बजे तक, दुश्मन के टैंक अग्रिम ठिकानों पर पहुंच गए थे। इस महत्वपूर्ण क्षण में, एक रिकॉइललेस गन की कमान संभाल रहे कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद ने तेजी से कार्रवाई की। वह भारी गोलाबारी के बीच अपनी बंदूक को जीप पर चढ़ाकर एक तरफ गए और बड़ी ही सटीकता के साथ, उन्होंने दुश्मन के मुख्य टैंक को नष्ट कर दिया और टैंक को नष्ट करने के लिए उन्होंने अपना स्थान बदला। मशीन गन और शेल फायर के निशाने पर होने के बावजूद, उन्होंने दुश्मन से लगातार मुठभेड़ जारी रखी। इस गोलाबारी के बीच एक अन्य टैंक को नष्ट करने का प्रयास करते समय एक उच्च विस्फोटक शैल से वे घातक रूप से घायल हो गए। कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद  की निडरता और दृढ़ साहस ने उनके साथियों को प्रेरित किया और दुश्मन को आगे ब□ने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस बहादुरी और बलिदान के लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली*

*******************************************************************************

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि इस शैक्षणिक वर्ष में लगभग 15 विदेशी विश्वविद्यालय भारत में अपने कैम्पस स्थापित करने के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने विदेशी विश्वविद्यालयों को इस मामले में अनुमति प्रदान कर दी है। श्री प्रधान ने आज नई दिल्ली में ब्रिटेन के लिवरपूल विश्वविद्यालय के आशय पत्र सौंपने के लिए समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। संवाददाताओं से बातचीत में श्री प्रधान ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के दो विश्वविद्यालयों ने गुजरात में अपने शैक्षणिक सत्रों की शुरूआत की है।

*******************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा उपमंडल के गांव बिहोली में 4 करोड़ 67 लाख की लागत से बने राजकीय पशुचिकित्सा पॉलिक्लीनिक का लोकार्पण किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा इससे क्षेत्र में पशुओं को बेहतर इलाज मिल सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा-

उन्होंने कहा कि इस पशु चिकित्सालय से किसानों और पशुपालकों की पशुधन के स्वास्थ्य को लेकर होने वाली चिंताओं का समाधान हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राजकीय पशु चिकित्सा पॉलिक्लीनिक सभी सुविधाओं से युक्त है।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह प्रदेश का सातवाँ आधुनिक राजकीय पशु चिकित्सा पॉलिक्लीनिक है। पहले सिरसा, जींद, रोहतक, भिवानी, सोनीपत और रेवाड़ी में ऐसे पशु अस्पताल हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगभग 650 नई गौशालाए खोली गई हैं, गौशाला का बजट भी 2 करोड़ से बढ़ाकर 515 करोड़ कर दिया गया है। उन्होंने कहा किगत 10 वर्षों में बी जे पी सरकार ने लाडवा में 794 करोड रुपए के विकास के कार्य करवाए है। सरकार योजनाबद्ध तरीके से विकास के काम कर रही है।

*********************************************************************************

हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने आज अम्बाला शहर में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया -

एक प्रश्न के उत्तर में श्री गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरन्तर तरक्की कर रहा हैं। भारत की अर्थ व्यवस्था विश्व में चौथे स्थान पर पहुँच गई है जो कि बडे ही हर्ष व गर्व की बात है व जल्द ही भारत अर्थ व्यवस्था में और आगे बढ़ेगा।इस मौके पर पत्रकारों द्वारा रोहतक में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में लोकसभा सासंद दीपेन्द्र हूडा के उपायुक्त से व्यवहार संबंधी पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा -

उन्होंने कहा कि हरियाणा में लगभग 650 सौ नई गौशालाए खोली गई हैं, गौशाला का बजट भी 2 करोड़ से बढ़ाकर 515 करोड़ कर दिया गया है। उन्होंने कहा किगत 10 वर्षों में बी जे पी सरकार ने लाडवा में 794 करोड रुपए के विकास के कार्य करवाए है। सरकार योजनाबद्ध तरीके से विकास के काम कर रही है।

*****************************************************************************

भिवानी महेन्द्रगढ़ लोकसभा से भाजपा सांसद धर्मबीर सिंह ने आज भिवानी शहर में दो सडक़ों का शिलान्यास किया। यह दोनों सड़कें दो गांवों को शहर से जोड़ती हैं।उन्होंने आदर्श महिला कॉलेज में पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बीडी गुप्ता की पुत्रवधू स्वर्गीय दर्शना गुप्ता की याद में बनाए गए वेलनेस सेंटर का उद्घाटन भी किया।इस दौरान सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा ये वेलनेस सेंटर समय रहते बीमारी की पहचान कर कई जान बचाने में सहयोगी होगा।

सडक़ों के शिलान्यास पर उन्होंने कहा कि भिवानी शहर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में होने की वजह से विकास नहीं कर पा रहा था। जबकी किसी भी शहर के विकास के लिए रेल व सडक़ संपर्क , बिजली पानी व शिक्षा जैसी सुविधाएं ज़रूरी होती है।